Newsletter VOL - Q-3/2025-26

# KIZUNA

THE RELATIONSHIP

Niterra
Niterra India PVT. LTD.

## From the Desk of the Joint Managing Director



Dear Valued Customers and Esteemed Channel Partners,

The future belongs to those who build it with conviction, partnership, and purpose. At Niterra India, we look ahead with confidence – towards a horizon filled with new possibilities, stronger collaborations, and shared progress.

Every milestone we achieve is powered by the trust you place in us. Your belief in our Japanese technology, superior quality, and OEM-approved solutions has been the driving force behind our continued growth. Together, we have strengthened our position as a leader in high-technology automotive components – guided not only by performance, but by precision and reliability.

After the successful acceptance of clutch plate, we proudly launched the Two-Wheeler Inner Clutch Assembly in the beginning of this financial year under the NTK brand, engineered with the strength of ADC-12 alloy. The overwhelming response from distributors, retailers, and mechanics reflects the confidence the market places in our commitment to engineering excellence and dependable performance.

Our vision extends beyond products and performance. Responsible growth remains central to our philosophy. Niterra India continues to invest in meaningful CSR initiatives, contributing positively to society while building a sustainable and responsible future.

As we move ahead, let us embrace the opportunities before us with renewed energy and determination. A brighter and more fruitful year lies ahead – one shaped by innovation, resilience, and collective success. With your continued partnership and dedication, I am confident we will set new benchmarks in excellence, trust, and social responsibility.

Thank you for being an integral part of our journey. I look forward to achieving greater milestones together.

**Sudipto Sanyal**



## Smart Collaborations: OEM Achievements

### TVS Motor Company Ltd. collaborates with Niterra India

**NGK Spark Plug (LMAR9D-J)** has been selected for the fitment in **Apache RTX 300** model launched in October 2025.



### Royal Enfield partners with Niterra India

**NTK Oxygen Sensors (AZD5001-JD001 & AZD5001-JD005)** has been selected for the fitment in **Bullet 650** model launched in November 2025.



## Strengthening Partnerships. Moving the Future Forward.

At Niterra India, we believe that meaningful growth is built on collaboration, shared values, and a unified vision. Reinforcing this belief and keeping the FUTURE IN MOTION, we recently hosted All India After Market Distributors conference on 6th February, bringing together our Senior Leadership and Distributors from across the country at Stellar Resort, Delhi.

The event was centered around strategic roadmap for future growth. Our Managing Director, Mr. Daijiro Kanazawa, Joint Managing Director, Mr. Sudipto Sanyal, and Deputy General Manager-Sales & Marketing, Mr. Yogendra Kumar addressed the gathering, extended a warm welcome to all Distributors and shared insights into the company's growth roadmap and future ambitions. The day concluded on a high note with recognition of top-performing Distributors, followed by an engaging evening of live entertainment.

This engagement strengthened relationships, aligned shared goals, and reaffirmed our commitment to growing together.





## Legal Action against supplier selling NGK Counterfeit Products at Naiwalan, Karol Bagh market in Delhi

**New Delhi:** Niterra India PVT. LTD., a renowned name in the High-Quality auto-components industry, has taken strict Legal action against supplier involved in the sale of counterfeit NGK Spark Plugs in the Delhi Market.

The raid was conducted at Godown No- 1367/21, Naiwalan, Karol Bagh, Delhi.

Niterra India's Investigation consultant's team along with Delhi Police and Law enforcement officers, seized substantial counterfeits of NGK Spark Plugs. The team discovered huge quantities of counterfeit spark plugs during the raid action. The counterfeit products were seized and the offender was arrested and has been subjected to appropriate legal actions.

Niterra India takes stern action by conducting such type of raid action against any offenders trying to mislead the customers and advises customers to purchase genuine products under its two brands NGK and NTK from authorized channel partners only, while being wary of counterfeit products in the India Aftermarket.

The counterfeit auto parts not only damages the vehicle but also  endanger the safety of the passengers. This threat is unknown to the vehicle user who buys products from the after-market considering them to be genuine. Besides resulting in cheating of innocent consumers and posing such risks, counterfeit products also cause a loss of revenue for the Government, and bring in a bad reputation to the brand.

Niterra India plans to carry out more counterfeit raids across the country to prevent the distribution and sale of counterfeit products and introduce several other measures to discourage counterfeiters in India.







## Niterra India Plantation Drive- Nurturing Nature for the Next Generation

At Niterra, we believe that meaningful action today shapes a healthier tomorrow.

Through our tree plantation initiative across multiple cities in Madhya Pradesh, Punjab, Himachal Pradesh and Jammu, we're taking a step toward cleaner air, cooler streets, and a greener future for our communities. Every sapling planted is a promise - to the environment, to our cities, and to the generations that follow. This initiative reflects our deep-rooted commitment to sustainability and giving back to the communities we proudly call home. A heartfelt thank you to all our volunteers whose passion and effort made this possible. Together, we're nurturing nature for the next generation.







## UMC Birthday Celebration


Chakachak Auto Garage, Indore (Madhya Pradesh)


Mahindra Honda Care, Jaipur (Rajasthan)


Nirmal Auto Works, Jassur (Himachal Pradesh)


Shyam Sundar Workshop, West Burdwan, (West Bengal)


Suresh Bike Point, Vizianagaram (Andhra Pradesh)

## Premium Retailers Birthday Celebration


Guru Nanak Auto Spares, Delhi


Moto World, Bangalore (Karnataka)


Nishan Automobiles, Rajkot (Gujarat)


Setpal Motors, Mumbai (Maharashtra)


The Classic Auto Parts Company, Durgapur (West Bengal)

## Distributors Birthday Celebration


Agrwal Auto Drive, Rewari (Haryana)


Allied Traders, Raipur (Chhattisgarh)


Cel Marketing, Bangalore (Karanataka)


GSS Enterprise, Madhyamgram (West Bengal)


Shyamala Automotive, Hyderabad (Andhra Pradesh)

## Empowering the Experts through plant exposure and product awareness

As a part of our initiative to empower mechanics through knowledge and exposure, we recently hosted UMC Mechanics from Uttar Pradesh and Haryana at our Bawal plant.

The day featured engaging sessions on NGK Spark Plug Technology aligned with BS-6 Technology and E20 fuel, along with an awareness of NTK Oxygen Sensors and NTK's Clutch family range. This was followed by a guided plant tour, offering a first-hand look at NGK Spark Plug manufacturing, NTK Oxygen Sensor production, and warehouse operations.

A training certificates were presented to all the participated UMC Mechanics by Mr. Daijiro Kanazawa – Managing Director, Niterra India, and a heartfelt note of thanks was shared by Mr. Yogendra Kumar – Deputy General Manager, Sales & Marketing.

Here's a glimpse of a day that dedicated to learning and appreciation for our UMC Mechanic partners who keep India moving.





# Did you Know?

**Question-1: Which new Iridium spark plug part number Niterra India has launched in Aftermarket?**

| Part No. | Maker | Model Recommendation | Reference Image |
|---|---|---|---|
| ILZKR6Q11 | **MSIL**<br>(MARUTI SUZUKI INDIA LTD.) | BREZZA (1.5L), ERTIGA (1.5L), GRAND VITARA (1.5L), XL6 (1.5L) |  |
| | **TKML**<br>(TOYOTA KIRLOSKAR MOTOR LTD.) | RUMION (1.5L), URBAN CRUISER HYRYDER (1.5L) | |

**Question-2: What are the symptoms of a faulty Glow plugs?**

**Answer:** Below are some symptoms:

1. **Engine misfires, long self or decrease in power, acceleration and fuel efficiency**

   A faulty Glow plug can't provide any additional heat which aids in the diesel combustion. This may result in the engine misfires, loss in power, acceleration and even fuel efficiency.


2. **Black smoke from the exhaust**

   Faulty glow plugs might disturb the combustion process, which causes the engine to produce a black smoke from the tailpipe.

For better result it is always advised to replace the glow plugs of each cylinders instead of replacing the faulty one.




**Check and replace the glow plugs in the following conditions:**




**Question-3: What are the advantages of NTK Clutch Plates & Inner Clutch Assembly?**

**Answer:** NTK Clutch plates & Inner Clutch Assembly are made up of Aluminum ADC-12 alloy that helps to provide the below advantages & benefits:

| FEATURES | ADVANTAGES | BENEFITS |
|---|---|---|
| Aluminum ADC-12 alloy | • Better Strength & Hardness<br>• Maximum contact b/w the plates results better friction<br>• Better friction results maximum power transfer to the rear wheel<br>• Protection from Corrosion | • High Torque, Better Pickup & More Mileage.<br>• Minimizes kick slip.<br>• Jerk free performance.<br>• Smoother gear shift.<br>• Better durability. |
| Asbestos free friction material | • No serious health hazard | • Meet OEM standard.<br>• User (mechanic) health friendly. |

**Question-4: What are the symptoms and disadvantages of a faulty/ damaged Oxygen Sensors?**

**Answer:** Oxygen Sensor should be checked and replaced immediately in case of the following below symptoms:

1. MIL light turns "ON" .
2. Worse fuel efficiency and acceleration.
3. Starting trouble/ Unstable Idling.
4. Engine misfiring/ Poor Pick up.
5. Smoky Exhaust, high emission level.
6. Vehicle goes in flood or met with an accident.

** With a faulty/ damaged Oxygen Sensors, your vehicle may fail to meet the BS-6 Emission Norms and you may not get the PUC Certificate that may cause you a heavy fine of Rs. 10,000.*



# Marketing Dynamixes

## Corner Meets


Agra (Uttar Pradesh)


Aurangabad (Maharashtra)


Bangalore (Karnataka)


Guwahati (Assam)


Vyara (Gujarat)

## Van Campaigns


Baruipur (West Bengal)


Farukhnagar (Haryana)


Khammam (Hyderabad)


Nagpur (Maharashtra)


Udhampur (Jammu & Kashmir)

## Local Association Meets


Chhatrapati Sambhaji Nagar (Maharashtra)


Ernakulam (Kerala)


Jalgaon (Maharashtra)


Vijayawada (Andhra Pradesh)


Visakhapatnam (Andhra Pradesh)

# Environmental Awareness Programmes


Ahmedabad (Gujarat)


Dharwad (Karnataka)


Jalgaon (Maharashtra)


Pathankot (Punjab)


Rairangpur (Odisha)


Niterra India PVT. LTD.
(Formerly known as NGK Spark Plugs (India) Pvt. Ltd.)
407-416, Splendor Tower - II, Spectrum One, Sector-58,
Gurugram, Haryana - 122011, India
Landline: +91-124-6981950
Website: www.ngkntk.in
Toll free no: 1800 532 0016 (8:30 am to 5:00 pm) | Follow us on:


**Editor's Note**

*"The future rewards those who see opportunity not as chance, but as responsibility."*

For any suggestions/feedback regarding the newsletter please feel free to contact the Editorial Team at: customercare-india@niterragroup.com

IGNITE YOUR SPIRIT

सूचनापत्र संख्या - Q-3/2025-26

KIZUNA
THE RELATIONSHIP

Niterra
Niterra India PVT. LTD.

## संयुक्त प्रबंध निदेशक के कलम से



प्रिय मूल्यवान ग्राहक और सम्मानित चैनल भागीदार,

आने वाला कल उन्हीं का है जो अपने दृढ़ विश्वास, साझेदारी और खास उद्देश्य से इसे संवारने का काम करते हैं। Niterra India में हम आत्मविश्वास के साथ एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं जो नई संभावनाओं, मजबूत सहयोग और साझा प्रगति से सजा हुआ है।

हमारी हर उपलब्धि हम पर किए गए आपके भरोसे से प्रेरित है। हमारी जापानी तकनीक, श्रेष्ठ गुणवत्ता और ओईएम–अनुमोदित समाधानों में आपका विश्वास ही हमारे निरंतर विकास का प्रेरक बल रहा है। हमने साथ मिलकर उच्च–तकनीक वाले ऑटोमोटिव कल–पुर्जों के क्षेत्र में एक लीडर के तौर पर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली है, जिसका श्रेय न केवल हमारे प्रदर्शन, बल्कि सटीकता और विश्वसनीयता को भी जाता है।

क्लच प्लेट की सफल स्वीकृति के बाद, हमने इस वित्त वर्ष की शुरुआत में NTK ब्रांड के तहत टू–व्हीलर इनर क्लच असेंबली को गर्व से लॉन्च किया, जिसे एडीसी–12 एलॉय की मजबूती के साथ बनाया गया है। वितरकों, खुदरा विक्रेताओं तथा मैकेनिकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया हमारी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और भरोसेमंद प्रदर्शन के प्रति हमारे समर्पण पर बाजार के विश्वास को दर्शाती है।

हमारी सोच उत्पादों और प्रदर्शन से बहुत आगे की है। जिम्मेदारीपूर्ण विकास हमारी विचारधारा का केंद्र बिंदु बना हुआ है। Niterra India सार्थक सीएसआर पहलों में निवेश करना जारी रखे हुए है, जो एक स्थायी और जिम्मेदार भविष्य के निर्माण के साथ–साथ समाज में सकारात्मक योगदान दे रही हैं।

जैसे–जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, आइए हम नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ अपने सामने मौजूद अवसरों को अपनाएं। एक उज्ज्वल और अधिक फलदायी वर्ष हमारा इंतजार कर रहा है। एक ऐसा वर्ष जो नवीनता, लचीलापन और सामूहिक सफलता से भरा हुआ हो। मुझे विश्वास है कि आपके निरंतर सहयोग और समर्पण के साथ हम उत्कृष्टता, भरोसे और सामाजिक जिम्मेदारी में नए मानदंड स्थापित करेंगे।

हमारी यात्रा का अभिन्न अंग बनने के लिए धन्यवाद। मैं आपके साथ मिलकर और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए तत्पर हूं।

**सुदीप्तो सान्याल**



## स्मार्ट सहयोगः ओईएम उपलब्धियाँ

### टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड का Niterra India के साथ सहयोग

**NGK स्पार्क प्लग (LMAR9D-J)** को अक्टूबर 2025 में लॉन्च किए गए **अपाचे आरटीएक्स 300** मॉडल में फिटमेंट के लिए चुना गया है।



### रॉयल एनफिल्ड का Niterra India के साथ साझेदारी

नवम्बर 2025 में बाजार में आए **बुलेट 650** मॉडल में उपयोग के लिए **NTK ऑक्सीजन सेंसर (AZD5001-JD001** एवं **AZD5001-JD005)** का चयन किया गया है।



## साझेदारी को मजबूती, भविष्य में उन्नति

Niterra India में हम मानते हैं कि सार्थक विकास आपसी सहयोग, साझा मूल्यों और एक एकीकृत दृष्टिकोण पर आधारित होता है। इस विश्वास को मजबूती देने और भविष्य को गतिमान बनाये रखने के लिए हमने हाल ही में 6 फरवरी को ऑल इंडिया आफ्टर मार्केट वितरक सम्मेलन का आयोजन किया था, जिसमें दिल्ली के स्टेलर रिसॉर्ट में देश भर के हमारे वितरकों और वरिष्ठ लीडरों को एक साथ आमंत्रित किया गया था।

यह कार्यक्रम भविष्य के विकास के लिए रणनीतिक रोडमैप बनाने पर केंद्रित था। हमारे प्रबंध निदेशक, श्री दाइजीरो कानाज़ावा, संयुक्त प्रबंध निदेशक, श्री सुदीप्तो सान्याल और उप महाप्रबंधक–सेल्स एवं मार्केटिंग, श्री योगेंद्र कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए सभी वितरकों का हार्दिक स्वागत किया और कंपनी के विकास रोडमैप और भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के बारे में अपने विचार रखे। अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले वितरकों को सम्मानित किया गया और इसके बाद लाइव मनोरंजन से भरपूर एक रंगारंग शाम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन ने आपसी संबंधों को मजबूत बनाने, साझा लक्ष्यों पर ध्यान देने और साथ मिलकर विकास करने की हमारी प्रतिबद्धता को एक नई ऊर्जा देने का काम किया है।





## नाईवाला, करोल बाग बाजार, दिल्ली में नकली NGK उत्पाद बेचने वाले आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

**नई दिल्लीः** उच्च गुणवत्ता वाले ऑटो–कंपोनेंट्स उद्योग में प्रतिष्ठित नाम, Niterra India प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली बाजार में नकली NGK स्पार्क प्लग बेचने में शामिल आपूर्तिकर्ता के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की है।

दिल्ली के करोल बाग, नाईवाला स्थित गोदाम संख्या 1367/21 पर छापेमारी की गई।

Niterra India के जांच सलाहकार दल ने दिल्ली पुलिस और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के साथ मिलकर भारी मात्रा में नकली NGK स्पार्क प्लग जब्त किए। छापेमारी के दौरान टीम ने बड़ी मात्रा में नकली स्पार्क प्लग बरामद किए। नकली उत्पादों को जब्त कर लिया गया और दोषियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की गई है।

Niterra India ग्राहकों को गुमराह करने की कोशिश करने वाले किसी भी अपराधी के खिलाफ इस तरह की छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई करती है और ग्राहकों को सलाह देती है कि वे हमारे दो ब्रांडों NGK और NTK के असली उत्पाद केवल अधिकृत चैनल भागीदारों से ही खरीदें, साथ ही भारत के आफ्टरमार्केट में नकली उत्पादों से सावधान रहें।

नकली या जाली ऑटो पार्ट्स न केवल वाहन को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को भी खतरे में डालते हैं। इस खतरे के बारे में उन वाहन उपयोगकर्ताओं को पता नहीं होता जो आफ्टरमार्केट से असली समझकर नकली उत्पाद खरीद लेते हैं। भोले–भाले उपभोक्ताओं को धोखा देने और इस तरह के जोखिम पैदा करने के अलावा, नकली उत्पाद सरकार के राजस्व में भी कमी लाते हैं और ब्रांड की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

Niterra India नकली उत्पादों के वितरण और बिक्री को रोकने के लिए देश भर में और अधिक छापेमारी करने की योजना बना रही है और जल्द ही भारत में नकली उत्पादों के विक्रेताओं को हतोत्साहित करने के लिए कई अन्य उपाय भी शुरू करेगी।










## Niterra India वृक्षारोपण अभियान – अगली पीढ़ी के लिए प्रकृति का पोषण

Niterra में हम मानते हैं कि आज की ठोस पहल ही एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण करती है।

मध्य प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू के कई शहरों में वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से हम स्वच्छ हवा, ठंडी सड़कों और अपने समुदायों के लिए एक हरित भविष्य की दिशा में एक कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे द्वारा लगाया गया प्रत्येक पौधा एक वादा है – पर्यावरण के लिए, हमारे शहरों के लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए। यह पहल स्थायीत्व के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता और उन समुदायों को वापस देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिन्हें हम गर्व से अपना घर कहते हैं। हमारे सभी स्वयंसेवकों को हार्दिक धन्यवाद, जिनके जुनून और प्रयासों ने इसे संभव बनाया। साथ मिलकर, हम अगली पीढ़ी के लिए प्रकृति का पोषण कर रहे हैं।









## यूएमसी जन्मदिन समारोह



चकाचक ऑटो गैराज, इंदौर (मध्य प्रदेश)



महिंद्रा होंडा केयर, जयपुर (राजस्थान)



निर्मल ऑटो वर्क्स, जस्सूर (हिमाचल प्रदेश)



श्याम सुंदर वर्कशॉप, पश्चिम बर्दवान, (पश्चिम बंगाल)



सुरेश बाइक पॉइंट, विजयनगरम (आंध्र प्रदेश)

## प्रीमियम रिटेलर्स जन्मदिन समारोह



गुरु नानक ऑटो स्पेयर्स, दिल्ली



मोटो वर्ल्ड, बैंगलोर (कर्नाटक)



निशान ऑटोमोबाइल्स, राजकोट (गुजरात)



सेतपाल मोटर्स, मुंबई (महाराष्ट्र)



द क्लासिक ऑटो पार्ट्स कंपनी, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)

## डिस्ट्रीब्यूटर जन्मदिन समारोह



अग्रवाल ऑटो ड्राइव, रेवाड़ी (हरियाणा)



एलाइड ट्रेडर्स, रायपुर (छत्तीसगढ़)



सेल मार्केटिंग, बैंगलोर (कर्नाटक)



जीएसएस एंटरप्राइज, मध्यमग्राम (पश्चिम बंगाल)



श्यामला ऑटोमोटिव, हैदराबाद (आंध्र प्रदेश)

## प्लांट की जानकारी देकर और उत्पाद जागरूकता के माध्यम से विशेषज्ञों का सशक्तिकरण

मैकेनिकों को ज्ञान और अनुभव के माध्यम से सशक्त बनाने की हमारी पहल के तहत, हमने हाल ही में उत्तर प्रदेश और हरियाणा के यूएमसी मैकेनिकों को अपने बावल प्लांट में आमंत्रित किया था।

इस दिन बीएस–6 तकनीक और ई20 ईंधन के अनुरूप NGK स्पार्क प्लग तकनीक पर आकर्षक सत्र आयोजित किए गए, साथ ही NTK ऑक्सीजन सेंसर और NTK की क्लच श्रृंखला के बारे में भी जागरूकता फैलाई गई। इसके बाद एक निर्देशित प्लांट टूर का आयोजन किया गया, जिसमें NGK स्पार्क प्लग निर्माण, NTK ऑक्सीजन सेंसर उत्पादन और वेयरहाउस संचालन को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला।

Niterra India के प्रबंध निदेशक श्री दाइजीरो कानाज़ावा ने सभी प्रतिभागी यूएमसी मैकेनिकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया और सेल्स एवं मार्केटिंग के उप महाप्रबंधक श्री योगेंद्र कुमार ने हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

यह उस दिन की एक झलक है जो भारत को गतिशील बनाए रखने वाले हमारे यूएमसी मैकेनिक भागीदारों के लिए सीखने और सराहना को समर्पित था।





## क्या आप जानते हैं?

**प्रश्न 1:** Niterra India ने आफ्टरमार्केट में कौन सा नया इरिडियम स्पार्क प्लग पार्ट नंबर लॉन्च किया है?

| पार्ट नं. | निर्माता | अनुशंसित मॉडल | रिफरेंस इमेज |
|---|---|---|---|
| ILZKR6Q11 | **एमएसआईएल** (मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड) | ब्रेजा (1.5 लीटर), अर्टिगा (1.5 लीटर), ग्रैंड विटारा (1.5 लीटर), एक्सएल6 (1.5 लीटर) |  |
| | **टीकेएमएल** (टोयोटा किर्लोस्कर मोटर लिमिटेड) | रूमियन (1.5 लीटर), अर्बन क्रूजर हाइराइडर (1.5 लीटर) | |

**प्रश्न 2:** खराब ग्लो प्लग की पहचान क्या हैं?

**उत्तर:** नीचे कुछ पहचान दिए गए हैं:

1. **इंजन मिसफायर, लंबा सेल्फ या पावर, एक्सीलरेशन और ईंधन दक्षता में कमी**
   खराब ग्लो प्लग अतिरिक्त हीट प्रदान नहीं कर सकता, जो डीज़ल के ज्वलन में सहायक होती है। इसके परिणामस्वरूप इंजन में मिसफायरिंग, पावर, एक्सीलरेशन और यहाँ तक कि ईंधन दक्षता में कमी हो सकती है।
2. **काला धुआँ निकलना**
   खराब ग्लो प्लग ज्वलन प्रक्रिया को बाधित कर सकते हैं, जिससे इंजन के टेलपाइप से काला धुआँ निकलता है।

बेहतर परिणामों के लिए, खराब ग्लो प्लग को बदलने के बजाय प्रत्येक सिलेंडर के ग्लो प्लग को बदलने की सलाह दी जाती है।




**निम्नलिखित स्थितियों में ग्लो प्लग की जाँच करें और उन्हें बदलें:**




**प्रश्न 3:** NTK क्लच प्लेट्स और इनर क्लच एसेंबली के क्या फायदे हैं?

**उत्तर:** NTK क्लच प्लेट्स और इनर क्लच एसेंबली एल्युमिनियम एडीसी–12 एलॉय से बनी होती हैं जो नीचे दिए गए फायदे और लाभ प्रदान करने में मदद करती हैं:

| विशेषतायें | फायदे | लाभ |
|---|---|---|
| एल्युमिनियम एडीसी–12 एलॉय | • बेहतर मजबूती और कठोरता<br>• प्लेटों के बीच अधिकतम संपर्क से बेहतर घर्षण<br>• बेहतर घर्षण से पिछले पहिये में अधिकतम पावर का स्थानांतरण<br>• जंग से सुरक्षा | • उच्च टॉर्क, बेहतर पिकअप और अधिक माइलेज<br>• किक स्लिप को कम करता है<br>• जर्क फ्री प्रदर्शन<br>• आसान गियर शिफ्ट<br>• अधिक टिकाऊ |
| एस्बेस्टोस फ्री घर्षण सामग्री | • कोई गंभीर हेल्थ खतरा नहीं | • ओईएम मानक को पूरा करता है<br>• उपयोगकर्ता (मैकेनिक) के स्वास्थ्य के अनुकूल |

**प्रश्न 4:** खराब/क्षतिग्रस्त ऑक्सीजन सेंसर के लक्षण और नुकसान क्या हैं?

**उत्तर:** निम्नलिखित लक्षण दिखाई देने पर ऑक्सीजन सेंसर की तुरंत जाँच और प्रतिस्थापन किया जाना चाहिए:

1. मिल लाइट का "ऑन" होना।
2. ईंधन दक्षता और एक्सीलरेशन में कमी।
3. स्टार्ट करने में समस्या/अस्थिर आइडलिंग।
4. इंजन मिसफायर करना/खराब पिकअप।
5. धुएँदार निकास, अधिक धुआँ निकलना।
6. वाहन का फ्लड में जाना या कोई दुर्घटना होना।

** खराब/क्षतिग्रस्त ऑक्सीजन सेंसर के कारण आपका वाहन बीएस–6 उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने में विफल हो सकता है और आपको पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं मिल सकता, जिसके कारण आप पर 10,000 रुपये का भारी जुर्माना लग सकता है।*



# मार्केटिंग डाईनामिक्स

## कॉर्नर सम्मेलन


आगरा (उत्तर प्रदेश)


औरंगाबाद (महाराष्ट्र)


बैंगलोर (कर्नाटक)


गुवाहाटी (असम)


व्यारा (गुजरात)

## वैन कैम्पेन


बरुईपुर (पश्चिम बंगाल)


फरुखनगर (हरियाणा)


खम्मम (हैदराबाद)


नागपुर (महाराष्ट्र)


उधमपुर (जम्मू और कश्मीर)

## लोकल एसोसिएशन सम्मेलन


छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र)


एर्नाकुलम (केरल)


जलगांव (महाराष्ट्र)


विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)


विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)

# पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम


अहमदाबाद (गुजरात)


धारवाड़ (कर्नाटक)


जलगांव (महाराष्ट्र)


पठानकोट (पंजाब)


रायरंगपुर (ओडिशा)


## Niterra India PVT. LTD.

(पूर्व में NGK स्पार्क प्लग्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता था।)
407-416, Splendor Tower - II, Spectrum One, Sector-58,
Gurugram, Haryana - 122011, India
Landline: +91-124-6981950
Website: www.ngkntk.in
Toll free no: 1800 532 0016 (8:30 am to 5:00 pm) | Follow us on:


**संपादक की टिप्पणी**

*"भविष्य उन्हीं को पुरस्कृत करता है जो अवसर को संयोग नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में देखते हैं।"*

न्यूज़लेटर के संबंध में किसी भी सुझाव/प्रतिक्रिया के लिए कृपया संपादकीय टीम से निःसंकोच संपर्क करें: customercare-india@niterragroup.com

IGNITE YOUR SPIRIT